**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**08.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

**वंदे मातरम**

लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम के मंत्र ने समूचे देश को शक्ति और प्रेरणा दी व स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जावान बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वंदे मातरम का स्मरण इस सदन के सभी सदस्यों और देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष उस महान अध्याय और गौरव को पुनः स्थापित करने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम ने वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम वह शक्ति है जो लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम केवल राजनीतिक स्वतंत्रता का मंत्र नहीं है, बल्कि यह भारत को उपनिवेशवाद की बेड़ियों से मुक्त करने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम ने हजारों वर्षों से भारत में गहराई से जड़ें जमाए एक विचार को पुनर्जीवित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम इस महान सांस्कृतिक परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम का लोगों के साथ गहरा जुड़ाव स्वाधीनता आंदोलन की अभूतपूर्व यात्रा को दर्शाता है।

---

**अभियान**

प्रदेश सरकार का चिट्टा विरोधी अभियान जन आंदोलन में बदल रहा है और पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार पिछले तीन वर्षों में पुलिस ने एनडीपीएस के 5 हजार 6 सौ 42 मामले दर्ज करते हुए 8 हजार 2 सौ 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस अवधि में लगभग 36 किलोग्राम चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए गए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते 15 नवंबर को शिमला में आयोजित महा वॉकथॉन में नशीले पदार्थों के खिलाफ मुहिम को एक व्यापक जन आन्दोलन में बदलने की घोषणा की। यह मुहिम अब राज्य स्तर से होते हुए पंचायतों, गांवों और घर–घर तक पहुंच रही है। इसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने लोगों से चिट्टा संबंधी सूचनाएं देने वालों को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

---

**अग्निकांड**

कुल्लू ज़िला की मणिकर्ण घाटी के ढडेई गांव में बीती रात अग्निकांड की एक घटना में दो रिहायशी मकान, एक मंदिर की सरायं और भंडार जलकर राख हो गए। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

---

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने राज्य में आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू होने के बावजूद मंडी में प्रदेश सरकार द्वारा तीन साल का जश्न मनाने को लेकर कड़ी आलोचना की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कुल्लू में जारी एक बयान में कहा कि मंडी जिला इस वर्ष बाढ़ और भूस्खलन से सबसे अधिक प्रभावित रहा है। ऐसे समय में कांग्रेस सरकार का उत्सव मनाना न केवल असंवेदनशीलता है, बल्कि ये एक अमानवीय कृत्य है। अखिलेश कपूर ने कहा कि जब जनता राहत और पुनर्वास की प्रतीक्षा में है, कांग्रेस सरकार उत्सव की तैयारियों में व्यस्त है। प्रदेश की आर्थिक स्थिति चरमराई हुई है, राज्य का कर्ज एक लाख करोड़ रुपये के पार हो गया है। उन्होंने कहा कि तिजोरी खाली होने के बावजूद सरकार मंडी में फोटोशूट और जश्न की तैयारी में व्यस्त है जो सरकार की असंवेदनशीलता को दिखाता है।

---

**मौसम**

प्रदेश में शुष्क ठंड के चलते सुबह–शाम के तापमान में गिरावट लगातार जारी है। जनजातीय क्षेत्रों सहित ऊंचाई वाले इलाकों में तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है, जिससे प्राकृतिक जलस्त्रोत जमने शुरू हो गए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है।

---